हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 14 अगस्त 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 टैक्स वसूली में लापरवाही पड़ेगी भारी लक्ष्य से ...



07 कैच द रैन, जल संरक्षण व संवर्धन, सोक पिट...



नपा कर्मचारियों को नदी में जलकुंभी डालने से रोका, ट्रॉलियों से बाहर शिफ्ट कराया

पशुपतिनाथ मंदिर पुलिया पर जलकुंभी जमी विधायक ने श्रमदान कर खुद हटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

भारी बारिश के बाद शिवना नदी का जलस्तर बढ़ने से भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के समीप स्थित छोटी पुलिया पर बड़ी मात्रा में जलकुंभी जमा हो गई थी। गुरुवार को जलस्तर कम होने के बाद यह स्थिति सामने आई। नगर पालिका के कर्मचारी जलकुंभी हटाने पहुंचे, लेकिन उसे नदी के एक हिस्से से निकालकर दूसरे हिस्से में डाला जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर विधायक विपिन जैन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जलकुंभी को नदी से पूरी तरह बाहर निकालने के निर्देश दिए।



नदी में वापस जलकुंभी डालने से रोका

विधायक ने नपा कर्मचारियों को जलकुंभी पुनः नदी में डालने से रोकते हुए कहा कि इसे नदी से बाहर निकालकर अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए, ताकि यह दोबारा नदी के प्रवाह में बाधा न बने और आगे जाकर किसी स्थान पर जमा होकर समस्या उत्पन्न न करे।

विधायक स्वयं नदी में उतरे

निर्देश देने के बाद विधायक विपिन जैन स्वयं नदी में उतरे और श्रमदानियों के साथ जलकुंभी निकालने के कार्य में जुट गए। नदी से निकाली गई जलकुंभी को छोटी पुलिया के पास एकत्रित किया गया तथा बाद में ट्रॉलियों के माध्यम से अन्य स्थान पर पहुंचाया गया।

दो घंटे में निकली 20 ट्रॉली जलकुंभी

विधायक विपिन जैन एवं ह्यशिवना योद्धाओंह्व ने लगभग दो घंटे तक श्रमदान किया। इस दौरान करीब 16 से 20 ट्रॉली जलकुंभी नदी से बाहर निकाली गई। जलकुंभी हटने से नदी का प्रवाह क्षेत्र भी साफ हुआ है। सफाई अभियान अभी जारी है।

सावन में बढ़ जाता है महत्व

सावन माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन के लिए आते हैं तथा शिवना नदी में स्नान भी करते हैं। ऐसे में मंदिर क्षेत्र के आसपास जमा जलकुंभी को हटाना आवश्यक माना जा रहा है। विधायक विपिन जैन ने बताया कि पिछले लगभग 15 महीनों से शिवना नदी के संरक्षण और शुद्धिकरण के लिए नियमित श्रमदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में नदी क्षेत्र को जलकुंभी मुक्त किया गया था, लेकिन बारिश के दौरान ऊपरी क्षेत्रों से बहकर पुनः बड़ी मात्रा में जलकुंभी यहां पहुंच गई।

हर रविवार चलता है शिवना शुद्धिकरण अभियान

विधायक जैन द्वारा प्रत्येक रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान चलाया जाता है। इस दौरान वे स्वयं श्रमदानियों के साथ नदी में उतरकर कचरा, गंदगी और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालते हैं। बाद में इन्हें ट्रॉलियों के माध्यम से नदी से दूर निर्धारित स्थानों पर पहुंचाया जाता है। विधायक का कहना है कि शिवना नदी की स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे शहर की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी भावना के साथ नागरिकों और श्रमदानियों के सहयोग से नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने का प्रयास लगातार जारी है।

मंदसौर में मिलावट पर खामोशी क्यों? फिर उठी जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और मिलावट को लेकर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने एक बार फिर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। संगठन ने जिला कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जिलेभर में खाद्य पदार्थों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग की है। ग्राहक पंचायत का कहना है कि 26 जून 2026 को भी खाद्य एवं औषधि निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह जादौन को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन आज तक उस ज्ञापन के संबंध में कोई प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आई। इसी के चलते अब संगठन ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन ने कहा कि बाजार में बिकने वाले दूध, दही, पनीर, घी, मिठाई, नमकीन, पैक्ड खाद्य सामग्री और शीतल पेय सहित अन्य खाद्य पदार्थों की नियमित जांच होना जरूरी है। खासकर मौसम में बदलाव के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट और गुणवत्ता से जुड़ी शिकायतों की आशंका बढ़ जाती है।

आसपास के जिलों में कार्रवाई, मंदसौर में जांच अभियान कब?

ग्राहक पंचायत ने कहा कि आसपास के जिलों में नकली घी, पनीर और अन्य खाद्य सामग्री के मामले सामने आने के बाद कार्रवाई की जा रही है, लेकिन मंदसौर में बड़े स्तर पर जांच अभियान नजर नहीं आ रहा है। संगठन ने सवाल उठाया कि आखिर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच को लेकर मंदसौर में सक्रियता कब दिखाई जाएगी? ज्ञापन में खाद्य प्रतिष्ठानों, होटल-रेस्टोरेंट, मिठाई एवं नमकीन दुकानों सहित अन्य विक्रय केंद्रों से नियमित नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच कराने और अमानक अथवा मिलावटी खाद्य सामग्री मिलने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। ग्राहक पंचायत के प्रांत सह सचिव नवनीत शर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से समझौता नहीं किया जा सकता। ज्ञापन सौंपते समय जिला सचिव आशीष भाटिया, अंशुल जैन, विक्रम सिंह चौहान एवं अश्विन सेन उपस्थित रहे।



शिक्षकों की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी

कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने हाई स्कूल अंबा देव में स्मार्ट क्लास का किया निरीक्षण





नलखेड़ा। जन विश्वास अभियान के तहत जिला कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने गुरुवार को ग्राम अंबा देव का भ्रमण कर हाई स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। हाई स्कूल अंबा देव के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षा 10वीं की स्मार्ट क्लास में छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से पाठ्य पुस्तक वितरण की जानकारी ली और बोर्ड कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की करियर काउंसलिंग करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शेष रहे विद्यार्थियों को भी तत्काल पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पदस्थ 9 शिक्षकों में से केवल 4 शिक्षक ही उपस्थित पाए गए। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर डा मीना ने जिला पंचायत सीईओ श्री बी.एस. सोलंकी को निर्देश दिए कि अनुपस्थित शिक्षकों के अवकाश आवेदनों का परीक्षण कर दोषी शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इससे पूर्व कलेक्टर श्री मीना ने ग्राम अंबा देव का भ्रमण कर हर घर नल से जल समूह जलप्रदाय योजना के तहत ग्रामीणों के घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध कराने एवं रोड रेस्टोरेशन के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण रेस्टोरेशन कार्य करवाने तथा प्रत्येक घर पर स्टैंड बनाकर नल का टेप लगवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और आवास निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। मारू बर्डिया में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर ग्रामीणों से संवाद कलेक्टर डॉ श्री शेर सिंह मीना ने बड़ोद क्षेत्र के भ्रमण के दौरान गुरुवार को ग्राम मारू बरडिया में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी और गंगापुर में आयोजित शिविर के बारे में बताया। सरपंच एवं ग्रामीणों ने पंचायत भवन में कलेक्टर डॉ मीना एवं जिला पंचायत सीईओ का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, तहसीलदार भू-प्रबंधन गिरीश सूर्यवंशी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।





एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया

दलोदा। शासकीय महाविद्यालय, दलोदा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर ह्यएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जे. एल. आर्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों के महत्व तथा प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का संचालन इको क्लब प्रभारी डॉ निधि रावल पालरिया ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गोविन्द कुमार राठौर ने ह्यएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान की अवधारणा एवं उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम ही नहीं हैं, बल्कि वे मानव जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन, छाया, फल एवं अन्य उपयोगी संसाधन उपलब्ध कराने के साथ जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा रोपित पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर को अधिक हरित एवं जैव विविधता से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से विभिन्न फलदार एवं उपयोगी पौधों का रोपण किया गया। परिसर में जामुन, आम, अमरूद, चीकू, नींबू, अनार एवं अंजीर के पौधे रोपित किए गए। पौधारोपण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सूरजसिंह राठौर सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।पौधारोपण के साथ-साथ महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से संस्कार वाटिका में घास उन्मूलन एवं स्वच्छता अभियान भी संचालित किया गया।

समाधान नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

किसानों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर किसान संघ ने दिया धरना





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं लंबित मांगों के निराकरण को लेकर भारतीय किसान संघ तहसील इकाई द्वारा स्थानीय सरदार पटेल चौराह पर धरना आंदोलन आयोजित किया गया। धरने के पश्चात संगठन के पदाधिकारियों एवं किसानों ने संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। गुरुवार को आयोजित धरना आंदोलन के दौरान किसानों ने फसल बीमा योजना की विसंगति एवं फसल बीमा से वंचित किसानों को बीमा राशि का लाभ दिलाने, विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं का समाधान करने, राजस्व विभाग में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा किसानों की राजस्व से संबंधित समस्याओं के समाधान की मांग प्रमुखता से उठाई। इसके साथ ही जल संसाधन विभाग से जुड़ी सिंचाई संबंधी समस्याओं, सहकारिता विभाग से संबंधित किसानों की परेशानियों तथा अन्य विभागीय समस्याओं के निराकरण की मांग भी रखी गई। किसानों का कहना था कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को समय पर मिलना चाहिए और विभागीय स्तर पर लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाना आवश्यक है। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष रामनारायण तेजरा ने कहा कि किसानों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। संबंधित विभागों को किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए समय-सीमा में उनका निराकरण करना चाहिए। धरना स्थल पर किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की और प्रशासन से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई। धरने के समापन के बाद भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों एवं किसानों ने संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। प्रांतीय उपाध्यक्ष डूंगर सिंह सिसोदिया ने कहा कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए भारतीय किसान संघ लगातार प्रयास करता रहेगा। यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आगामी दिनों में जिला स्तर पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री रघुसिंह चौहान, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद जोशी, गोपाल चौधरी, जगदीश पाटीदार, उमेश पाटीदार, रामनारायण गुर्जर, गोविंद शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष नारायण सिंह जोधा, तहसील मंत्री ओमप्रकाश पाटीदार, परमानंद पाटीदार, महेश बालाजी आदि रहे मौजूद।

अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने लिया भाग

सर्राफा व्यापारी सचिन सोनी का आकस्मिक निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर के युवा सामाजिक कार्यकर्ता, प्रतिष्ठित ज्वेलर्स सचिन सोनी (47 वर्ष) का हृदयघात से आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान पांडिया कॉलोनी से निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज जनों के साथ नगरवासियों तथा इष्ट मित्रों व रिश्तेदारों ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नगर के सर्राफा व्यापारी मांगीलाल सोनी के बड़े सुपुत्र एवं रविन्द्र, चेतन सोनी के बड़े भाई सचिन सोनी का गुरुवार प्रातः हृदय घात के कारण उपचार के दौरान निधन हो गया। दिवंगत सचिन सोनी सहज, सरल, हंसमुख, मिलनसार, सामाजिक एवं धार्मिक व्यक्तित्व के धनी थे। उनके अचानक निधन के समाचार से नगर तथा इष्ट मित्रों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। श्री सोनी की अंतिम संस्कार यात्रा स्वनिवास पांडिया कालोनी से दोपहर 3 बजे निकाली गई। मुक्तिधाम पर आयोजित शोक सभा में सुसनेर विधायक भैरव सिंह परिहार बापू ,पूर्व विधायक वल्लभभाई अंबावतिया, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमचंद राठौर,सुसनेर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप सोनी, स्वर्णकार समाज नलखेड़ा की ओर से युवा जिला अध्यक्ष ऋतुराज सोनी, अनिल सोनी, महेंद्र सिंह सोनी बेरछा, व्यापारी एसोसिएशन की ओर से सुंदर मित्तल, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद देवेंद्र गुप्ता आदि के द्वारा द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

बारिश से बड़ा महादेव स्थान पर झरने गिरने हुआ शुरू

महादेव धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/मंदसौर





विगत दो दिनों से भानपुरा नगर सहित तहसील क्षेत्र में सावन के महीने के चलते हुई जोरदार बारिश से बड़ा महादेव स्थान पर झरने वेग से गिरना शुरू हो गए। हुई बारिश के चलते यहां का प्राकृतिक सौंदर्य आकर्षक रूप से निखर आया। बुधवार को हरियाली अमावस्या पर पर्यटकों व श्रद्धालुओं का हजारों की संख्या में यहां जन सैलाब उमड़ पड़ा। दिनभर छोटा महादेव बड़ा महादेव मार्ग पर वाहनों का रेला चला रहा। हरियाली अमावस्या पर पर्यटन स्थालों पर भारी जन सैलाब उमड़ा बड़ा महादेव पहुंच मार्ग पर दो स्थानों पर बायपास मार्ग की व्यवस्था होने के बावजूद भी जाम लगता रहा। तहसीलदार मुकेश निगम, नायब तहसीलदार सुनील अग्रवाल, थाना प्रभारी विनय बुंदेला, नगर परिषद का अमला, राजस्व अमला, वन विभाग अमला, पुलिस व प्रशासन के कर्मचारियों के साथ व्यवस्थाओं के लिए यहां तैनात रहे। सुबह के बाद रुक-रुक कर दो-तीन बार बारिश भी हुई। लेकिन बड़ा महादेव छोटा महादेव पर लगातार जन सैलाब उमड़ता रहा। दोनों स्थानों पर दो पहिया वाहन चार पहिया वाहन एवं अन्य वाहनों का यहां रेल लगता रहा। नगर के बस स्टैंड विजय स्तंभ से लेकर बड़ा महादेव छोटा महादेव स्थान तक पर्यटकों श्रद्धालुओं का भारी जन सैलाब चला रहा। इस दौरान नागर माता पुलिया पर लगातार भारी जाम की स्थिति निर्मित होती रही। सैलानियों एवं श्रद्धालुओं को बड़ा महादेव तक करीब 2 किलोमीटर पहुंचने में ही भारी जन सैलाब के चलते काफी समय लगा। बड़ा एवं छोटा महादेव पर्यटन स्थलों में प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने एवं शिवालय में भगवान भोले के दर्शन के लिए यहां तांता लगता रहा। बड़ा महादेव पहुंच मार्ग से दो बायपास मार्ग आदिवासी भील बस्ती एवं पगलिया वाला स्थान के समीप से होकर छत्री संस्थान के पीछे से नाग का चबूतरा के यहां से गांधीसागर मार्ग एवं चंपा नदी से गांधी सागर मुख्य मार्ग तक रोड मिल जाने के बाद भी भारी जन सैलाब के चलते जाम की स्थिति निर्मित हुई। दोपहर बाद पुलिस प्रशासन द्वारा बड़ा महादेव एवं छोटा महादेव मार्ग के लिए रास्तों को डाइवर्ट कर दिया। इसके बाद जाम की स्थिति में नियंत्रण पाया जा सका। भानपुरा क्षेत्र में छोटा बड़ा महादेव के अलावा तक्षकेश्वर, चतुर्भुज नाथ, हिंगलाजगढ़ माताजी, कथिरिया आदि स्थानों पर हरियाली अमावस्या पर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इसके साथ ही इन स्थानों पर स्थित शिवालयों में भक्तों का तांता दिनभर लगता रहा। भानपुरा तहसील क्षेत्र की सीमा से लगे राजस्थान क्षेत्र के भवानीमंडी, रामगंजमंडी, झालावाड़, कोटा एवं भानपुरा तहसील क्षेत्र सहित गरोठ, शामगढ़, सुवासरा आदि दूर दराज की जगहों से बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे। एवं क्षेत्र के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों का प्राकृतिक सौंदर्य निहार कर प्रफुल्लित हो उठे। सबसे ज्यादा जन सैलाब बड़ा महादेव स्थान व छोटा महादेव स्थान पर उमड़ा बड़ा महादेव स्थान पर विगत दो दिनों में हुई अच्छी बारिश के चलते झरने गिरने लगे लोगों ने झरने में स्नान करने का लुफ्त उठाया। भारी जन सैलाब को देखते हुए, पुलिस एवं प्रशासन ने लोगों को झरने में नहाने क लिए व्यवस्था कर कतारबद्ध तरीके से झरने का लोगों झरने में नहाने के लिए मौका दिया जिसका सभी ने लुफ्त उठाया। बड़ा महादेव एवं छोटा महादेव दोनों स्थानों पर व्यंजनों, भुट्टे, बच्चों के खिलौने, रेडीमेड कपड़े सहित धार्मिक सामग्री की कई दुकानें लगने से दोनों स्थानों पर मेल जैसा माहौल रहा।

खबर संक्षेप

भौरासा में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, बच्चों के हाथों में लहराया तिरंगा



भौरासा। आजादी के अमृत महोत्सव एवं 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत नगर परिषद भौरासा द्वारा गुरुवार को नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों के साथ बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नगर परिषद कार्यालय से हुआ। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली। हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे छात्र-छात्राओं और बच्चों ने 'भारत माता की जय' तथा 'वंदे मातरम्' के जयघोष लगाए। देशभक्ति के नारों से पूरा नगर गूंज उठा और वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर नजर आया।तिरंगा यात्रा में बाबा भंवरनाथ भौरासा मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, नायब तहसीलदार जागृति जाट, सीएमओ प्रमिला ठाकुर, इंजीनियर नेहा जिलवे, भाजपा नेता मनोहर सिंह कराड़ा, पार्षद सुरेश मालवीय, अफजल मंसूरी, एल्डरमैन प्रदीप मंत्री, नरबत यादव, मुरारी लाल लोधी, प्रमोद पालीवाल, नरेंद्र माली, हिम्मत सिंह ठाकुर, राजेश लोधी, छोटू माली, मौसम माली, गब्बर ठाकुर सहित समस्त पार्षदगण, शिक्षकगण एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार जोशी ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घर पर तिरंगा फहराकर अभियान को सफल बनाना।

जलकर-संपत्तिकर वसूली को लेकर निगमायुक्त सख्त, कर्मचारियों को दिए लक्ष्य

टैक्स वसूली में लापरवाही पड़ेगी भारी लक्ष्य से कम वसूली पर रुकेगा वेतन

16 हजार प्रॉपर्टी का जीआईएस सर्वे सुधारने के निर्देश, 10 दिन में 1.50 करोड़ वसूली का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम में जलकर, संपत्तिकर, कचरा संग्रहण शुल्क एवं लाइसेंस शुल्क की वसूली को लेकर निगमायुक्त दलीप कुमार ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं करने वाले वसूलकर्ताओं का वेतन आहरण नहीं किया जाएगा। आयुक्त ने वार्डवार वसूली की समीक्षा करते हुए लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। साप्ताहिक वसूली के निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने पाया कि कुछ वसूलकर्ता अपेक्षित लक्ष्य हासिल नहीं कर पा रहे हैं। इस पर उन्होंने 5 वसूलकर्ताओं का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसी प्रकार संपत्तिकर वसूली में भी वार्ड क्रमांक 6, 7, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 27, 30, 31, 32, 33, 35, 36, 41, 44 एवं 45 के वसूलकर्ताओं द्वारा लक्ष्य पूरा नहीं किए जाने पर उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए।

जलकर से 50 लाख वसूली का लक्ष्य

आयुक्त ने अगस्त माह के लिए निर्धारित 50 लाख जलकर वसूली के लक्ष्य को पूरा करने के लिए उपयंत्रियों सहित पूरी वसूली टीम को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूरा किया जाए और वार्डवार वसूली की नियमित समीक्षा की जाए।साथ ही निगम सीमा क्षेत्र में अवैध नल कनेक्शनों की जांच करने के निर्देश दिए गए। जिन जलकर उपभोक्ताओं द्वारा लंबे समय से करों का भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनके नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई करने को भी कहा गया।

संपत्तिकर में 5 लाख वसूली का लक्ष्य

संपत्तिकर वसूली को लेकर भी आयुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट लक्ष्य दिए। उन्होंने सभी आरएसआई एवं नाकेदारों को प्रतिदिन 5 लाख संपत्तिकर वसूली का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान वार्ड क्रमांक 6, 8, 11, 12, 15, 19, 21, 24, 26, 28, 44 एवं 45 के नाकेदारों को आयुक्त ने चेतावनी देते हुए निर्धारित वसूली लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की पूर्ति नहीं होने पर वेतन आहरण नहीं किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने उपायुक्त दीपक पटेल को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जीआईएस सर्वे के अनुसार सुधार

आयुक्त दलीप कुमार ने सभी आरएसआई को निगम सीमा क्षेत्र की करीब 16 हजार प्रॉपर्टी में जीआईएस सर्वे के अनुसार आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपत्तियों की जानकारी को अपडेट करने और कर निर्धारण में किसी प्रकार की कमी न रहने देने को कहा। इसके साथ ही नाकेदारों को आगामी 10 दिनों में 1 करोड़ 50 लाख की वसूली का लक्ष्य दिया गया। आयुक्त ने कहा कि वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रगति नहीं होने पर संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।

गुवाड़ी में युवती से पहचान छिपाने और धोखाधड़ी का मामला, विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज

नाम बदलकर प्रेमजाल में फंसाने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

बागली तहसील के ग्राम गुवाड़ी में एक 23 वर्षीय युवती को कथित रूप से पहचान छिपाकर प्रेमजाल में फंसाने और उसके साथ धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। जनजाति विकास मंच के कार्यकर्ताओं ने युवक को पकड़कर बागली पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी अनुसार युवती कोरकू समाज से है। आरोप है कि आरोपी ने युवती से संपर्क के दौरान अपना नाम मनीष अहिरवार और निवासी रांची, झारखंड बताया। इसके बाद उसने युवती का विश्वास हासिल कर उससे संपर्क बढ़ाया और उसके घर भी आने-जाने लगा। शिकायत के अनुसार आरोपी ने अपनी पहचान छिपाकर युवती को कई बार इंदौर बुलाया, जहां होटल में उसके साथ कथित रूप से आपत्तिजनक कृत्य किए गए।जनजाति विकास मंच के कार्यकर्ताओं के अनुसार 7 अगस्त को आरोपी युवती के गुवाड़ी स्थित घर पर आकर रहने लगा। उसकी गतिविधियों को लेकर आसपास के ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं को संदेह हुआ। इसके बाद उन्होंने युवक को पकड़कर बागली पुलिस के सुपुर्द कर दिया।पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी की पहचान तौसिफ के रूप में सामने आई है। आरोप है कि उसने पहचान छिपाने के लिए फर्जी नाम से आधार कार्ड भी बनवा रखा था, जिसमें दतिया का पता दर्ज था। युवती के परिजनों की शिकायत के आधार पर बागली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अधिनियम, सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

दिनदहाड़े नागदा पहाड़ी पर दिखा तेंदुआ, दूसरी बार दिखने से ग्रामीण सतर्क

देवास। शहर की नागदा की पहाड़ी पर गुरुवार दोपहर एक बार फिर तेंदुआ नजर आया। कार से गुजर रहे कुछ लोगों ने पहाड़ी क्षेत्र के खुले हिस्से के पास तेंदुए को देखा और मोबाइल कैमरे में उसका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। करीब एक मिनट के वीडियो में तेंदुआ साफ दिखाई दे रहा है, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में तेंदुआ पहाड़ी के पास कुछ देर तक घूमता हुआ दिखाई दे रहा है। कार में सवार लोगों ने सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए उसका वीडियो बनाया। कुछ देर बाद तेंदुआ झाड़ियों की ओर चला गया और नजरों से ओझल हो गया। दिन के समय तेंदुए के खुले इलाके में दिखाई देने से आसपास के किसानों और ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। खास बात यह है कि कुछ दिन पहले भी नागदा पहाड़ी क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी दर्ज की गई थी।

वीर दुर्गादास जयंती पर भौरासा में निकला चल समारोह, जगह-जगह पुष्प वर्षा से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में क्षत्रिय राठौर समाज द्वारा वीर योद्धा दुर्गादास राठौर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर राठौर धर्मशाला से भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में घोड़े पर वीर दुर्गादास की वेशभूषा में युवक को सवार किया गया, वहीं रथ-बग्घी में वीर दुर्गादास जी का चित्र आकर्षण का केंद्र रहा। चल समारोह राठौर धर्मशाला से प्रारंभ होकर माली मोहल्ला, चौधरी मोहल्ला, एमजी रोड, बड़ा हनुमान चौक, रपट, छोटा हनुमान चौक होते हुए बस स्टैंड से वापस राठौर धर्मशाला पहुंचा। पूरे मार्ग में नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया।

रपट पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद राजेंद्र यादव, डॉ. मोहन माली, मौसम माली सहित अन्य लोगों ने चल समारोह का स्वागत किया। वहीं एमजी रोड पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, राजेंद्र यादव, रमेशचंद्र ईनानी, मूलचंद उस्ताद, देवी सिंह लोधी, अरविंद चौधरी, गणेश टेलर, कैलाश कुमावत केसीके सहित अन्य नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

छोटा हनुमान चौक पर भौरासा प्रेस क्लब की ओर से भी चल समारोह का स्वागत किया गया। इस दौरान अभय देव नागर, मनोज शुक्ला, कमल पाटीदार, नागेश कदम, अशोक विश्वकर्मा सहित प्रेस क्लब के सदस्य मौजूद रहे।चल समारोह के प्रारंभ से पूर्व राठौर समाजजनों ने वीर दुर्गादास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना की।

इसके बाद समाजजनों ने एक-दूसरे को जयंती की शुभकामनाएं दीं।समारोह के दौरान नगर में उत्साह का माहौल रहा। जगह-जगह लोगों ने चल समारोह का स्वागत करते हुए वीर दुर्गादास जी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

तिरंगे के रंग में रंगा नगर, भाजपा की विशाल बाइक तिरंगा यात्रा में उमड़ा राष्ट्रभक्ति का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत गुरुवार को कांटाफोड़ नगर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भव्य एवं बाईक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील पटेल के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हुए। यात्रा में हाथों में लहराते तिरंगे, देशभक्ति के नारों और भारत माता के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' सहित राष्ट्रभक्ति के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और जगह-जगह नागरिकों ने यात्रा का स्वागत किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्र के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को और मजबूत करने वाला अभियान है। तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों और देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर जवानों को याद करने का दिन भी है, जिनके बलिदान से आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। तिरंगा यात्रा ने नगर में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और देशभक्ति का संदेश दिया।इस अवसर पर बागली विधानसभा प्रभारी नारायण व्यास, भाजपा जिला अध्यक्ष अजजा मोर्चा टिंकी बारेला, जयप्रकाश शर्मा, खुशीलाल राठौर, योगेश पटेल, पुरुषोत्तम बियाणी, पार्षद अनिरुद्ध शर्मा, सत्यनारायण तिवारी बंधू, सुशील पसारी, रामेश्वर नारेड़ा, सरपंच रघुनाथ नायक, रणछोड़ किराड़े सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

प्रजापति समाज के प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



दक्ष प्रजापति आर्मी म. प्र. प्रदेश अध्यक्ष आर. एन. प्रजापति का सोनकच्छ के ग्राम गंजपुरा में स्वागत सम्मान किया गया। दक्ष प्रजापति आर्मी के जिला अध्यक्ष मधुसुदन प्रजापत के नेतृत्व में प्रजापत समाज के समाजबंधुओं ने प्रदेश अध्यक्ष का साफा बांधकर और पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष प्रजापति ने अपने उद्धबोधन में कहा कि समाज को संगठित करने, सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और आने वाली पीढ़ी को शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार देना चाहिए। जो प्रजापती समाज टुकड़ों में बटा हुआ है उसे भी साथ लेकर चलना हम सब की जिम्मेदारी हैं। समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए आदि विषयों पर जोर दिया गया।प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत शिवनारायण प्रजापत, लखन प्रजापत, गंगाराम प्रजापत, मांगीलाल प्रजापत, रमेश प्रजापत, कैलाश प्रजापत, बाबूलाल प्रजापत , बंशीलाल प्रजापत, मोहन प्रजापत, कमलेश प्रजापत, संतोष प्रजापत, रामेश्वर प्रजापत, माखन प्रजापत, बबलू प्रजापत, तरुण प्रजापत , राहुल प्रजापत, प्रमोद प्रजापत, ललित प्रजापत , मेहरबानसिंह चौधरी, मानसिंह सेंधव, रूपसिंह कुशवाह आदि समाजबंधुओं ने स्वागत किया। आभार जिला अध्यक्ष मधुसुदन प्रजापत ने माना ।

उल्लास एक अभिनव प्रयोग अंतर्गत जिला न्यायालय में हुए प्रतियोगी कार्यक्रम

न्यायाधीशगण, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों के बच्चों ने लिया भाग





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के कल्याण, आपसी सौहार्द और कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'उल्लास—एक अभिनव प्रयोग' कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार, 12 अगस्त को जिला न्यायालय परिसर देवास में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास कपिल मेहता के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के तहत शाम 5 बजे जिला न्यायालय परिसर में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारियों के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपिल मेहता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में करीब 30 बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न वेशभूषाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय जितेंद्र सिंह कुशवाह, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश उमाशंकर अग्रवाल, पंचम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक गौड़, चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रसन्न सिंह बहरावत, अतिरिक्त जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. रविकांत सोलंकी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भारत सिंह कनेल सहित न्यायिक अधिकारी, लोक अभियोजन अधिकारी, सहायक लोक अभियोजक, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलीप सिंह मुझाल्दा एवं न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में दोपहर 2 बजे जिला अभिभाषक संघ के सभाकक्ष में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय जितेंद्र सिंह कुशवाह, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश उमाशंकर अग्रवाल, पंचम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक गौड़, चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रसन्न सिंह बहरावत, अतिरिक्त जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. रविकांत सोलंकी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भारत सिंह कनेल सहित अन्य न्यायिक अधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रोहित श्रीवास्तव, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रामप्रसाद सूर्यवंशी सहित संघ के पदाधिकारी, अधिवक्तागण एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। 'उल्लास—एक अभिनव प्रयोग' के माध्यम से न्यायिक परिवारों के बीच स्वस्थ, सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

पट्टविभूषण संस्कार महोत्सव का का दो दिवसीय आयोजन कल से



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

जरा अदब से उठाना इन बुझे दियों को, इन्होंने कल रात सबको रोशनी दी थी.. किसी को जलाकर खुश होना अलग बात है मित्रो इन्होंने खुद जलकर रोशनी दी थीजीवन समर्पण मांगता है। भारतीय संस्कृति अपहरण की संस्कृति नहीं अपितु समर्पण की संस्कृति है। अगर तुम एक बार अपने इष्ट आराध्य के प्रति समर्पित हो जाओ, तो फिर प्रभु तुम पर बलिहारी हो जायेगा। यह बात पुष्पगिरी तीर्थ पर अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ने अपने उवाच के माध्यम से भक्तों से कही उन्होंने कहा कि तुमने कभी सोचा-? हमारे अधिकतर तीर्थ नदियों किनारे हैं। यह इस बात के प्रतीक हैं कि नदियाँ सागर की तरफ जा रही है, नदियाँ मिटने के लिए जा रही है। जहाँ तुम्हें मिटने का बोध मिले तो तीर्थ हमसे कह रहे हैं कि यहाँ आकर तुम भी मिट जाओ। अपने अहंकार को मिटा डालो। प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया कि अंतर्मना धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास व पुष्पगिरी तीर्थ द्वारा आयोजित पट्टविभूषण संस्कार महोत्सव का भव्य आयोजन 15 एवं 16 अगस्त 2026 को होने वाला है जिसे लेकर तीर्थ पर व्यापक तैयारी कर ली गई है। पट्टविभूषण संस्कार महोत्सव बड़ी संख्या में भक्तो के आने की संभावना जो देखते हुए औपचारिक सभी कार्य पूर्ण कर लिये गए है। आयोजन में देशभर से कई गुरु भक्त गुरुदेव आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

खबर संक्षेप

रोजगार मेला आज, 160 पदों पर भर्ती का अवसर

ललितपुर । जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर है। जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से 14 अगस्त की सुबह जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा अलग-अलग पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में अन्य कंपनियों के भी प्रतिभाग करने की संभावना है। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। जिले के सभी इच्छुक युवक-युवतियां विभिन्न कंपनियों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी लेने और साक्षात्कार में शामिल होने के लिए मेले में पहुंच सकते हैं। साक्षात्कार एवं रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन के बाद अभ्यर्थी रोजगार मेले में निर्धारित समय पर पहुंचकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। रोजगार मेलों में कंपनियों की चयन प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क होती है।

गवाही देने पहुंचे व्यक्ति से मारपीट, धमकाया

ललितपुर। जिला न्यायालय परिसर में गवाही देने पहुंचे एक व्यक्ति के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने एक डॉक्टर पर रास्ता रोककर गाली-गलौज, मारपीट करने और मुकदमे में गवाही न देने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हितेन्द्र कुमार जैन ने डा.पीयूष जैन के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में मुकदमा दर्ज करा रखा है। इसी मामले में 6 अगस्त 2026 को हितेन्द्र के बयान होने थे। आरोप है कि उनके बयान की जानकारी डा.पीयूष जैन को हो गई थी। हितेन्द्र कुमार जैन का आरोप है कि 6 अगस्त को दोपहर करीब 1.30 बजे वह जिला न्यायालय परिसर की पार्किंग के पास मौजूद थे। इसी दौरान डा.पीयूष जैन ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज करते हुए मुकदमे में गवाही देने से मना किया और राजीनामा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपी ने हितेन्द्र के साथ थप्पड़ और घूंसों से मारपीट की। धक्का देने के दौरान वह पास खड़ी एक मोटरसाइकिल पर गिर गए। शोर सुनकर न्यायालय परिसर में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे।

आकाशीय बिजली से दो झुलसे, बछिया की मौत

ललितपुर। जिले में बुधवार शाम बारिश के दौरान अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में दो किसान झुलस गए, जबकि एक बछिया की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों घायलों को परिजनों ने उपचार के लिए ललितपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम मसौरकला निवासी 27 वर्षीय पूरन पुत्र दलपत बुधवार शाम करीब सात बजे बारिश के दौरान अपनी बछिया को नीम के पेड़ के पास बांधने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान तेज गरज के साथ अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली की चपेट में आने से बछिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पूरन गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल पूरन को उपचार के लिए ललितपुर मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती कराया। इसी तरह कोतवाली सदर क्षेत्र में ग्राम पनारी के पास 45 वर्षीय भगवानदास पुत्र जुगल प्रताप बुधवार शाम करीब सात बजे अपने घर से मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान बारिश शुरू हो गई और तेज गरज के साथ उनके पास आकाशीय बिजली गिर गई। हादसे में भगवानदास गंभीर रूप से प्रभावित होकर झुलस गए। परिजनों ने उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। एक ही शाम जिले में अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों के झुलसने और एक पशु की मौत की घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम-2025 पंच सम्मेलन

कैच द रैन, जल संरक्षण व संवर्धन, सोक पिट, जलाशय व चेकडैम के बारे में बताया





हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम-2025 पर त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों/कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने हेतु आज दिनांक 13.008.2026 को जिला स्तरीय पंच सम्मेलन कल्याण सिंह सभागार ललितपुर में आयोजन किया गया।

उक्त आयोजन में सदर विद्यायक रामरतन कुशवाहा जी, जिला पंचायत प्रशासक कैलाश नारायण निरंजन, जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, उपायुक्त श्रम-रोजगार रमेश कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह ब्लॉक प्रमुख, जनपद के समस्त ग्राम प्रधान, जिला प्रशिक्षण अधिकारी श्री कमल किशोर, सहायक अभियंता लघु सिचाई विभाग पवन कुमार, जिला कृषि अधिकारी रंजीत चैरसिया, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिह यादव, समस्त सचिव, समस्त ग्राम रोजगार सेवक , समस्त तकनीकी सहायक वीबी जीराम जी के अंतर्गत कार्यरत कार्यालय स्टाफ एवं एपीओ द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षण अधिकारी कमल किशोर द्वारा 73वें संशोधन के वारे में ग्राम प्रधानों एवं प्रतिभागियों को जानकारी दी गयी। इसके बाद कैच द रैन, जल संरक्षण के सम्बन्ध में लघु सिचाई विभाग के सहायक अभियंता पवन कुमार के द्वारा रैन वाटर हार्वेस्टंग, सोक पिट, जलाशय एवं चैकडैम बनाये जाने के साथ जल संवर्धन के बारे में बताया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा कार्य योजना को पोर्टल पर अपलोड कर धनराशि के अनुसार प्राक्कलन बनाकर खेल मैदान के प्रस्ताव वीबी-जी राम जी एंव ग्राम पंचायत निधि से कन्वर्जेंस कराये जाने हेतु अवगत कराया गया है। जिला कृषि अधिकारी द्वार सूखे से बचाव के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी उमेश चन्द्र झॉ द्वारा वीबी-जी राम जी में 318 प्रकार के कार्य कराये जाने, 60 दिनों का समय 01 जुलाई से 20 जुलाई 15 अक्टूबर से 05 नवम्बर एंव 01 अप्रैल से 20 अप्रैल तक कुल 60 दिनो में कृषि मौसम में कार्य निलम्बन किया जायेगा। इसके साथ योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी है।

उपायुक्त श्रम-रोजगार रमेश कुमार यादव द्वारा वीबी-जीराम जी और मनरेगा में क्या बेहतर है एवं दोनो के सम्बन्ध में अंतर को विस्तार से समझाया गया। सदर विद्यायक द्वारा जी राम जी योजना के अंतर्गत ग्रामीण अवस्थापना के कार्य कराये जाने पर जोर दिया गया। ग्राम प्रधान को यदि ग्राम में कोई विकास कार्य में धनराशि की आवश्यकता हो तो प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाये ताकि वह कार्य भी कराये जा सके।

कम प्रगति वाले विभागों को अल्टीमेटम

जिला उद्यान अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर रोका एक दिन का वेतन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के साथ सीएमआईएस पोर्टल तथा आकांक्षात्मक विकासखण्ड मड़ावरा में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया गया कि इस माह सीएमआईएस पोर्टल पर विकास की कुल 240 परियोजनाओं में से 157 पूर्ण हैं और शेष परियोजनाएं निर्धारित समयावधि में पूर्ण होने की स्थिति में हैं। 15 परियोजनाएं लाल श्रेणी में हैं, जिन पर आज गहन समीक्षा हुई।

बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना में खराब प्रगति पर एनएचएम डॉ अमित तिवारी का स्पष्टीकरण तलब किया, वहीं डीएएम का इस माह का वेतन आहरित न करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला उद्यान अधिकारी की बैठक में अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण तलब किया और एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। अधिकांश विकास कार्यों कार्यदाई संस्था सीएलडीएफ के खराब प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इस माह अपेक्षाकृत प्रगति न होने पर संस्था के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराएं। उन्होंने विकास परियोजनाओं में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं को फटकार लगायी और कहा कि जो परियोजनाएं समयभाव के कारण लाल श्रेणी में आने को स्थिति में हैं या किसी कारण ग्रीन श्रेणी में नहीं आ पा रही है, उन पर शासन से पत्राचार करके समयावधि बढ़वाए और यदि अगले माह तक स्थिति नहीं सुधरी तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जो परियोजनाएं पूर्ण होने की स्थिति में हैं उनके लिए हैंडओवर की समिति का गठन कर लिया जाए। उन्होंने कृषि विभाग और उद्योग विभाग की समीक्षा करते हुए स्वयं सहायता समूहों को योजनाओं से जोड़ते हुए लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा जिले में बानपुर, जखौरा, बिजरौठा, बड़ौदाडांग और गंगचारी गोशालाओं तक पहुंच मार्ग नहीं है, इनके लिए प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें। बैठक में संस्कृति विभाग के कार्यों की खराब प्रगति पर संस्कृति विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराने हेतु पत्र लिखने तथा गिन्नौट बाग में पर्यटन विकास परियोजना का टेंडर न हो पाने के कारण प्रमुख सचिव से पत्राचार करने के निर्देश पर्यटक अधिकारी को दिए गए। जल निगम की अमृत योजना में त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश दिए गए और सामूहिक विवाह के लिए इसी माह तिथि निर्धारित करके विकासखंडवार कार्यक्रम सम्पन्न कराने के निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान सड़कों के अनुरक्षण, डे एनआरएलएम, फैमिली आईडी, आईसीडीएस, 15वा वित्त आयोग, 5वा वित्त आयोग, राज्य योजना, निर्माण कार्य व नई सड़कों के निर्माण की प्रगति भी खराब पाई गई, जिसे अगले माह तक का अल्टीमेटम देते हुए प्रगति सुधारने के निर्देश दिए गए। इसके उपरान्त जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्ड मड़ावरा के विभिन्न संकेतांकों की प्रगति की समीक्षा की गई। बताया गया कि जनपद का आकांक्षात्मक ब्लॉक मड़ावरा ऑल ओवर इंडिया रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आया है, जो बहुत अच्छी स्थिति में है। निर्देश दिए गए कि सभी संबंधित विभाग सभी संकेतांकों पर पूरी तत्परता। बैठक में डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ भगवान सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव, जिला अर्थ एवं संख्यादिकारी अफसर मौजूद रहे।

एक शाम देश के नाम तिरंगा म्यूजिकल कन्सर्ट आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत एक शाम देश के नाम तिरंगा म्यूजिकल कन्सर्ट का आयोजन कल्याण सिंह सभागार में जिला प्रशासन के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में कलाकार एवं गायक सुरेन्द्र झां, शिवानी झां एवं साथियों ने मेरा रंग दे बसंती चोला, ए मेरे वतन के लोगों, हर करम अपना करेंगे ए वतन तेरे लिए, है प्रीत जहां की रीत सदा, भोपाल के कलाकार पवन पाण्डेय द्वारा एरी सखी मंगल गई री, तेरी मिट्टी में मिल जावा, ए वतन वतन मेरे आबाद रहे तू की प्रस्तुति दी गई। साथ ही आयुष्मान डांस कम्पनी के द्वारा देश रंगीला, तेरी मिट्टी एवं डांस दीवाने फॉरलिस्ट के द्वारा भी देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में सदर विधायक रामरत कुशवाहा, एमएलसी श्रीमती रमा निरंजन, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दिनेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संजय मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, उप जिलाधिकारी सदर हेमंत पटेल, जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह आदि मौजूद रहे।



भाजपाइयों ने महापुरुषों की प्रतिमास्थलों पर पहुंचकर उन्हें किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार, जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आज ललितपुर में एक विशेष राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस गौरवशाली अवसर पर सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं, समाजसेवियों और ऊर्जावान पार्टी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर ललितपुर मंडल में स्थापित सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया और राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन किया।यह अभियान हमें याद दिलाता है कि हमारे महापुरुषों का त्याग और बलिदान ही हमारे स्वतंत्र भारत की नींव है। आइए, हम सब मिलकर अपने-अपने घरों पर तिरंगा लहराएं और देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लें। इस अवसर पर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी, जननायक कर्पूरी ठाकुर, वीरांगना अबंतीबाई, महारानी लक्ष्मीबाई ,पं परमानन्द, महात्मा गांधी, सरदार बल्लभभाई पटेल,भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई, चन्द्रशेखर आजाद, वीर सावरकर, बृजनंदन शर्मा, बृजनंदन किलेदार आदि अनेक महापुरुषों की प्रतिमास्थली एवं अमर शहीद बाबू लाल फूलमाली जी की स्मारक स्थली पर जाकर नमन किया गया। जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन,बरिष्ठ नेता बब्बू राजा बुंदेला मौजूद रहे।

गैर-ऋणी किसानों के लिए आज तक का मौका ऋणी किसानों के लिए 31 तक बीमा की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

खरीफ 2026 मौसम में किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए फसल बीमा पोर्टल को क्रियाशील कर दिया गया है। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि में संशोधन किया है।

ऋणी किसानों के लिए 31 अगस्त 2026, जबकि गैर-ऋणी किसानों के लिए 14 अगस्त 2026 तक फसल बीमा कराने का अवसर दिया गया है। वर्तमान में दोनों योजनाएं किसानों के लिए स्वैच्छिक आधार पर लागू हैं। फसल बीमा योजना में शामिल नहीं होने वाले ऋणी किसानों के लिए भी महत्वपूर्ण व्यवस्था की गई है। ऐसे किसान 24 अगस्त 2026 तक संबंधित बैंक शाखा में लिखित रूप से ऑप्ट-आउट आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि तक ऑप्ट-आउट आवेदन नहीं देने वाले पात्र ऋणी किसानों के खातों से नियमानुसार फसल बीमा का प्रीमियम काटते हुए उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर उनकी अधिसूचित फसल का बीमा किया जाएगा। इसके अलावा जिन केसीसी धारक किसानों ने ऑप्ट-आउट नहीं किया है, उनका योजनानुसार फसल बीमा कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। एलडीएम ने सभी संबंधित बैंक शाखाओं एवं अधिकारियों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का अपने-अपने कार्यक्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप अधिक पात्र किसानों को से जोड़ा जाए। बैंक शाखाओं को निर्देशित किया कि किसानों को फसल बीमा की अंतिम तिथि, ऑप्ट-आउट की प्रक्रिया तथा योजना से मिलने वाले लाभों की स्पष्ट जानकारी कराई जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान जानकारी के अभाव में योजना के लाभ से वंचित न रह जाए।

आशा कार्यकर्तियों का प्रदर्शन, मांगें पूरी न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

मानदेय बढ़ाने और लंबित प्रोत्साहन राशि के भुगतान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



मानदेय बढ़ाने, लंबित प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को जनपद की आशा कार्यकर्तियों ने प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन से संबद्ध आशा कार्यकत्री कर्मचारी महासंघ के बैनर तले कार्यकर्तियों ने जिलाध्यक्ष आशा यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आशा कार्यकर्तियों ने कहा कि 6 फरवरी 2026 को स्वास्थ्य मंत्री और यूनियन पदाधिकारियों के बीच हुई वार्ता में 13 सूत्रीय मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन कई माह बीत जाने के बावजूद मांगों को धरातल पर लागू नहीं किया गया। आशा कार्यकर्तियों ने वर्तमान मानदेय 1500 रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग की। इसके साथ ही मातृत्व अवकाश की सुविधा देने, जीवन बीमा की राशि दो लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने तथा स्वास्थ्य बीमा का लाभ उपलब्ध कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। कार्यकर्तियों ने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान किए गए कार्यों के अलावा आयुष्मान भारत, टीबी, कुष्ठ रोग, पोलियो एवं अन्य स्वास्थ्य अभियानों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इन कार्यों से संबंधित कई प्रोत्साहन राशियां अभी तक लंबित हैं। कार्यकर्त्रियों ने सभी बकाया प्रोत्साहन राशि का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की। ज्ञापन में जनवरी 2023 से मानदेय भुगतान से संबंधित समस्या भी उठाई गई। कार्यकर्तियों का कहना है कि जनवरी 2023 से मानदेय और उसी के अनुसार भुगतान का आदेश होने के बावजूद कई स्थानों पर वर्ष 2023 का भुगतान नहीं किया गया, जबकि वर्ष 2024 का भी अधूरा भुगतान हुआ है। उन्होंने बकाया मानदेय का पूर्ण भुगतान कराने और भुगतान संबंधी विसंगतियों को दूर करने की मांग की।

इसके अलावा गर्भपात के मामलों में 1000 रुपये प्रोत्साहन राशि, प्रसव कक्ष और ऑपरेशन थिएटर में ड्यूटी के दौरान मिलने वाले प्रोत्साहन का भुगतान तथा 45/46 के अंतर्गत बंद सम्मेलन की सिफारिशों को लागू करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने सहित अन्य मांगें भी उठाई गईं।

वायरल वीडियो पर पुलिस की कार्रवाई

जुआ की फड़ से चार को गिरफ्तार किया, 12 हजार रुपए नकद बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली थाना की एक वीडियो वायरल हुई थी जिसमें कुछ लोग ताश के पत्ते पर दाव लगाते दिखाई दे रहे थे जिस पर पुलिस ने छापा मार कर सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जुए की फड़ से और उनकी जामा तलाशी में कुल 12 हजार रुपये नकद तथा 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। पुलिस ने चारों के खिलाफ सार्वजनिक मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 12 अगस्त की रात करीब 9.35 बजे चौकी प्रभारी सदर उपनिरीक्षक प्रशांत राणा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था और गश्त पर थे। पुलिस टीम बड़े मंदिर चौबयाना के पास मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि बाबा घाट रोड पर खाली पड़ी जमीन के बगल के रास्ते पर कुछ लोग ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर चार लोगों को मौके से पकड़ लिया। पुलिस ने मौके पर जुए की फड़ से 9,900 रुपये नकद बरामद किए। आरोपियों की जामा तलाशी में कुल 2,100 रुपये मिले। पुलिस ने 12,000 रुपये नकद बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों में मोहल्ला चौबयाना निवासी इरशाद पुत्र इस्तकार के पास से 500 रुपये, आशाराम पुत्र स्व. दशरथ कुशवाहा के पास से 500 रुपये, मोहल्ला बड़ापुरा निवासी नीलू पुत्र जगदीश कुशवाहा के पास से 600 रुपये तथा मोहल्ला चौबयाना निवासी सलमान पुत्र असलम के पास से 500 रुपये बरामद हुए।

बाल तस्करी, बालश्रम और मानव तस्करी रोकने पर पुलिस ने की मासिक कार्यशाला

गुमशुदा बच्चों की बरामदगी और बाल सुरक्षा व्यवस्था पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने, मानव तस्करी, बाल तस्करी, बालश्रम और भिक्षावृत्ति की रोकथाम के साथ ही पॉक्सो एवं किशोर न्याय अधिनियम से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग एवं एसजेपीयू की मासिक समन्वय गोष्ठी और प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी/नोडल अधिकारी कालू सिंह की उपस्थिति और पर्यवेक्षण में आयोजित हुई। बैठक में थाना एएचटी, एसजेपीयू तथा जनपद के सभी थानों में तैनात बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में पॉक्सो एक्ट, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम-2015 तथा महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी एसओपी के संबंध में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बच्चों से संबंधित विशेष रेस्क्यू अभियान चलाने, बालश्रम एवं भिक्षावृत्ति की रोकथाम, मानव तस्करी तथा अनैतिक देह व्यापार पर प्रभावी अंकुश लगाने को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में गुमशुदा बालक एवं बालिकाओं की बरामदगी के बाद की जाने वाली कार्रवाई पर विशेष जोर दिया गया। बरामद बच्चों के मेडिकल परीक्षण, धारा 183 बीएनएस के अंतर्गत बयान तथा बाल कल्याण समिति के समक्ष अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बच्चों से संबंधित मामलों में निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पूरी तरह पालन किया जाए और बाल कल्याण समिति को समय से सूचना एवं रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। कार्यशाला में पॉक्सो मामलों में पीड़िता के चिकित्सीय परीक्षण, बरामदगी के बाद संबंधित पॉक्सो सपोर्ट पर्सन को सूचना देने तथा विधि से संघर्षरत किशोरों से संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई पर भी चर्चा की गई। बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों और विवेचकों को अनुसंधान एवं अभियोजन के दौरान आने वाली समस्याओं तथा उनके समाधान के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई।

साथ ही बाल कल्याण अधिकारियों के कर्तव्यों और उच्चाधिकारियों द्वारा समय-समय पर दिए गए दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत कराया गया। बैठक में बच्चों एवं महिलाओं की सहायता के लिए संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। इनमें 1098, 1090, 181, 108, 102, 1076, 101, 112 और 1930 प्रमुख हैं। सभी थानों में इन हेल्पलाइन नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए गए, ताकि जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं एवं आमजन को समय पर सहायता मिल सके। गोष्ठी में बाल कल्याण समिति, एसपीओ कार्यालय, वन स्टॉप सेंटर, बाल संरक्षण अधिकारी, श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, जन साहस, एएचटी/एसजेपीयू के कर्मचारी तथा जनपद के विभिन्न थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

दिवंगत प्रधान आरक्षक के आश्रितों को पुलिस अधीक्षक ने सौंपा चेक और नियुक्ति पत्र

पुलिस सैलरी पैकेज से मिली अनुकंपा सहित 1.23 करोड़ रुपए की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पुलिस विभाग द्वारा कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए दिवंगत हुए पुलिसकर्मियों के परिवारों के प्रति संवेदनशीलता एवं मानवीय दायित्व प्रस्तुत करते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। इस सहायता से दिवंगत शासकीय कर्मचारी की पूरी भलेंही नहीं हो पाती लेकिन परिवारजनों आगे के जीवन के लिए एक बड़ा संबल अलबत्ता मिल जाता है। एक ऐसे ही मामले में साल 2025 में ड्यूटी के दौरान हुए सड़क हादसे में मृत प्रधान आरक्षक के परिजनों को पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने पुलिस सैलरी पैकेज से एक बड़ा आर्थिक संबल पहुंचाया है। संबंधित प्रधान आरक्षक के परिजनों को 1 करोड़ 23 लाख रुपए के चेक के साथ



एक आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा गया है।



दिवंगतों के प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी द्वारा जिले में दिवंगत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकृत कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश प्रदान किए हैं ताकि मृत सेवकों के आश्रित परिवारों को समय पर शासन एवं विभागीय योजनाओं का लाभ मिल सके।

पूर्व एसपी ने दिलवाया था लाभ

इसी तरह की एक बड़ी आर्थिक सहायता तत्कालीन पुलिस अधीक्षक प्रदीप मिश्रा द्वारा कोरोना काल के दौरान ड्यूटी पर मृत एक पुलिसकर्मी के परिवार को दिलवाई थी। शमिश्रा वर्तमान में उज्जैन जिले के पुलिस अधीक्षक हैं।

क्या है पूरा मामला

ब्यावरा सिटी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक सर्जन भील 06 नवंबर 2025 को ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान ट्रक हादसे में उनकी दुःखद मृत्यु हो गई। इस राजगढ़ पुलिस की संवेदशीलता ही कहा जाएगा जो पुलिस सैलरी पैकेज से दिवंगत श्री भील के पिता रामदयाल भील एवं पत्नी श्रीमती वर्षा भील को विभाग द्वारा 1 करोड़ 23 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा गया। इसके साथ ही दिवंगत प्रधान आरक्षक के पुत्र शरद भील को विभाग ने बाल आरक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की है। यह आर्थिक सहायता और नियुक्ति पत्र लेते समय श्री सर्जन भील के पिता और पत्नी की आंगे नम हो उठीं। श्री तोलानी ने आगे भी किसी तरह की मदद होने पर हर संभव सहायता का आश्वासन मृतक के आश्रितों को दिया है।

बम बम भोले के जयकारों से गूंज उठा घुरेल धाम



सुठालिया। सावन की हरियाली अमावस्या पर बुधवार को घूरेल के पशुपतिनाथ मंदिर में भक्ति का ज्वार आ गया। सुबह से ही 7 से 50 साल तक के श्रद्धालु कांवड़ लेकर पहुंचे और हर हर महादेवष्ऋ के जयकारों के बीच शिवलिंग पर जल चढ़ाया। कई श्रद्धालु पैदल आएए कई डाक कांवड़ लेकर। उज्जैन से 'श्री बालाजी सुंदरकांड समितिए मोठबड़ली' के शिवभक्त भी डाक कांवड़ के साथ पहुंचे। पूरे दिन मंदिर प्रांगण भक्ति गीतों और जयकारों से गूंजता रहा।

33 साल पुरानी परंपरा

पुजारी बद्री लाल नाथ ने बताया 1993 में सुठालिया के स्वयएभंवर सिंह राठौड़ए पालीवाल साहबए नवल शर्मा ने ये यात्रा शुरू की थी। आज वो 7 नहीं हैंए पर उनका संकल्प हर साल मजबूत हो रहा है। समिति अध्यक्ष 'होकम सिंह सोंधिया' ने बताया कि कांवड़ियों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई। सुरक्षा के लिए ड्रोन से निगरानी और अनिल रहोरिया के नेतृत्व में पुलिस तैनात रही। भक्तों ने प्रार्थना की गांव में सुखशांति बनी रहे। ये यात्रा यूं ही चलती रहे।

पदाधिकारी रहे मौजूद

शिक्षकों ने भरी हुंकार, तिरंगा रैली निकालकर मांगों का सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

विभिन्न संघटनों से जुड़े हुए जिले के शिक्षक एवं अध्यापक अर्से से अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में शासन, प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाते आ रहे हैं लेकिन उनकी अनेकों मांगे अभी तक लंबित हैं। ऐसे में अध्यापक, शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले इन शासकीय सेवकों ने बुधवार को मुख्यालय पर एक विशाल तिरंगा यात्रा निकालते हुए कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। इसके पूर्व सभी शिक्षकगण स्थानीय खिलचीपुर नाके पर एकत्रित हुए और भारत माता के जयकारे लगाए। इसके उपरान्त सभी हाथों में तिरंगा थामे कलेक्टोरेट के लिए रवाना हुए। यहां सभी ने ज्ञापन के जरिए शासन से अपनी मांगे, समस्याएं रखीं। इस अवसर पर शासकीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणावत, राज्य शिक्षक संघ पदाधिकारी सुरेश दांगी, प्रांतीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष चंदर सिंह तोमर, एनएमओपीएस जिलाध्यक्ष रामबाबू भिलाला सहित अनेकों शिक्षक उपस्थित रहे।

ये रखी गई मांगें

इन शासकीय सेवकों की प्रमुख मांगों में नियुक्ति दिनांक से सभी को वरिष्ठता प्रदान करना, शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से मुक्त रखने हेतु अध्यादेश लाकर आरटीई कानून में संशोधन किया जाना, पुरानी पेंशन बहाली, ई-अटेंडेंस की व्यवहारिक परेशानियों के चलते इस पर रोक लगाने सहित प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षकों की पदोन्नति आदेश दिनांक से शीघ्र जारी करना था। इसके साथ ही अन्य मांगें भी रखी गईं। शासन से अपेक्षा की गई कि सभी मांगों का जल्द से जल्द निराकरण करवाया जाए।

हादसों से चेते आरटीओ ने ली बस मालिकों की बैठक

बारिश में सावधानियां बरतने के लिए दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

बीते दिनों जिले में हुई मूसलाधार बारिश के दौरान विभिन्न बस ऑपरेटरों, ड्राइवरों की लापरवाहियों से आमजनों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। कुछ स्थानों पर बस चालकों ने उफान भरे पुलों पर बसें उतार दी जिसके चलते बड़े हादसे होते-होते टल गए। सारंगपुर क्षेत्र में हुई हृदय विदारक घटना में तो नौ लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थीं हालांकि इस वाहन का चालक देवास जिले का था। उक्त घटनाओं एवं हादसों से सबक लेते हुए जिला परिवहन कार्यालय में विभिन्न बस ऑपरेटरों एवं मालिकों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य के निर्देशानुसार हुई इस बैठक में बस मालिकों को कठोरे रूप से निर्देशित किया गया कि बस संचालन में यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा जाए। अगर किसी नदी, नाले के पुल पर पानी हो तो उसे किसी सूरत में पार न किया जाए अन्यथा कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही बसों के बीमा, परमिट, फिटनेस सहित अन्य सभी दस्तावेज पूर्ण रखने हेतु कहा गया। आरटीओ श्री वैश्य ने बताया कि इस तरह की बैठक सभी ब्लॉकों में आयोजित करवाई जाएगी। बैठक में बस ऑपरेटर मुबारिक खान, रामकरण, शिव सौंधिया, मांगीलाल, तनवीर खान, घनश्याम वर्मा, कालू सिंह सहित अन्य बस मालिक मौजूद थे।

तो रद्द होगा बस का परमिट

आरटीओ वैश्य ने बताया कि यदि बस ऑपरेटरों द्वारा बैठक में दिए गए निर्देशों की अवहेलना की तो बसों का परमिट रद्द करने के साथ ही अन्य विभागीय कार्यवाहियां की जाएंगी। उन्होंने स्कूल बस ऑपरेटरों से भी उक्त निर्देशों का कढ़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा है।

सेवा भारती ने किया कार्यक्रम

जेल में बंदियों को पढ़ाया नैतिकता ईमानदारी का पाठ, प्रशिक्षण दिया



राजगढ़। सामाजिक, धार्मिक सहित कई तरह के मानवीय कार्यों से जुड़ी सेवा भारती संस्था द्वारा बुधवार को जेल में निरुद्ध बंदियों में नैतिकता, ईमानदारी का पाठ पढ़ाने एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला जेल में आहूत इस कार्यक्रम के दौरान बंदियों को रोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण भी दिया गया ताकि जेल से बाहर आकर वे ईमानदारी और नेकी से भरा जीवन जी सकें। सभी बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्धेश्य से सृजनात्मक उद्धबोधन वक्ताओं द्वारा दिए गए। इस अवसर पर सेवा भारतीय के सचिन दुबे, डॉ. राकेश पांडे, मार्तण्ड सिंह सौलंकी सहित अन्य ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चाताप के आंसू हर पाप धो दिया करते हैं। आपसे जीवन में जो भी गल्तियां हुई उन्हें अब सुधारना होगा। आप यहां से बाहर निकलकर मानव हित और कल्याण से जुड़े कार्य करें। अपराधमुक्त जीवन जीकर अपने परिवार, समाज के लिए जितना अच्छा हो सकें वह सब करें। इस अवसर पर जेल अधीक्षक आलोक वाजपेयी, शिक्षक लखन सिंह चैहान सहित जेल का स्टाफ मौजूद था।

हरियाली अमावस्या पर 500 पौधों का रोपण, नवांकुर सखी और तिरंगा यात्रा के साथ आयोजन किया गया

कुरावर। हरियाली अमावस्या के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था जीत वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा तीज माता मंदिरए बड़ली में नवांकुर सखी यात्रा तिरंगा यात्रा महाआरती एवं भव्य पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए करीब 500 पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से नवांकुर सखी एवं तिरंगा यात्रा के साथ हुई। यात्रा तीज माता मंदिर बड़ली पहुंचीए जहां विधिवत महाआरती के बाद पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा दादा रहे। विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पवार ने की। इस दौरान खजान सिंह ठाकुर ब्लॉक समन्वयक जगदीश जागीरदारए गंगा प्रसाद चौधरीए कैलाश सगवालियाए डॉण दिनेश मंडलोईए कुरावर मंडल अध्यक्ष रवि मीणाए झाड़ला मंडल अध्यक्ष महेश संगवालिया सहित अनेक जनप्रतिनिधिए पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने हरियाली अमावस्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधे लगाने के



साथ उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन के साथ आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य की आधारशिला हैं। पौधरोपण अभियान में जीत वेलफेयर फाउंडेशन के सुरेश चंद्रवंशीए जितेंद्र चौधरीए मुरारी कलमोदियाए संदीपए भोलाए संजू कलमोदियाए रामचंद्र चौधरीए प्रवीण धनगरए नीरज वर्माए रितेश कलमोदियाए प्रेम सहित संस्था के अन्य सदस्यों एवं ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। समापन तीज माता की आरती के साथ हुआ। संस्था के सचिव सुरेश चंद्रवंशी ने सभी अतिथियोंए जनप्रतिनिधियोंए अधिकारियोंए ग्रामीणों एवं संस्था सदस्यों का आभार व्यक्त किया। 500 पौधों के रोपण के साथ आयोजित इस कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण के साथ जनभागीदारी और सामाजिक एकजुटता का प्रेरणादायी संदेश दिया।

क्षिप्रा मैया के जल से किया खोयरी महादेव का अभिषेक

राजगढ़। वीर खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में भोलेनाथ की नगरी उज्जैन तक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया था। समिति के करीब 40 सदस्य चार दिनों की पैदल यात्रा करने के उपरान्त राजगढ़ पहुंचे तो बुधवार सुबह उनके साथ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मातृ-शक्तियों ने भी क्षिप्रा मैया एवं नेवज मैया के जल से खोयरी बैजनाथ महादेव धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया।





इसके पूर्व सभी सनातनी महिलाएं हाथों में कलश, कांवड़ लिए भोलेनाथ के जयकारे लगाकर भजन गाते हुए साथ चल रही थीं। नगर के प्रमुख मार्गों से निकली कांवड़ यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत, वंदन, अभिनंदन किया गया। यात्रा के खोयरी महादेव धाम पहुंचने पर सभी ने बारी-बारी से पवित्र जल से शिवजी का अभिषेक, पूजन किया। इसके उपरान्त सभी को प्रसादी का वितरण करवाया गया। इस दौरान अनेकों मातृ-शक्तियों के मंदिर पहुंचने पर उनकी सुविधा एवं व्यवस्था के लिए नगर के गौसेवकों ने व्यवस्था को सुचारू बनाया। टीआई मंजू मखेनिया भी टीम के साथ पहुंची और व्यवस्थित रूप से अभिषेक पूजन संपन्न करवाया।

श्रद्धालुओं ने भी निकाली यात्रा

सावन मास में चल रही कांवड़ यात्राओं की कड़ी में बाराद्धारी मित्र मंडली द्वारा भी उज्जैन महांकाल तक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान गौसेवक देवा गुर्जर, दिनेश गुंर, गोपाल गुर्जर, पवन गुर्जर, मिथुन वंशकार, गोविंद गुर्जर, पंकज भिलाला, महेंद्र राजपूत, महेश गुर्जर, अजय भिलाला, रोहित भिलाला, टिंकू वंशकार, दीपक प्रजापति, रंजीत वंशकार, दीपक मेवाड़े, ओम राजपूत, बिट्टू मेवाड़े, धमेंद्र तंवर, हुकुम गुर्जर, भोला वाल्मीकि, रितिक जोशी, मोहित जोशी, भागवत सौधिया सहित अन्य शिवभक्त यात्रा में सहभागी बने।

एबीवीपी के चक्काजाम के बाद प्रशासन ने मानी मांगें

कन्या शाला स्कूल के पास से शराब ठेका हटाने सहित पीएम श्री के सामने स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ;एबीवीपीद्ध ने बुधवार को नगर के संडावता में जोरदार प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने विद्यालयों के आसपास विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के निराकरण की मांग प्रशासन के समक्ष रखी। विद्यार्थी परिषद की प्रमुख मांगों में पीएम श्री स्कूल के सामने मुख्य मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनवाना तथा कन्या शाला के समीप स्थित शराब के ठेके को हटाना शामिल रहा। परिषद पदाधिकारियों का कहना था कि स्कूल के नजदीक शराब का ठेका होने से विद्यार्थियोंए विशेषकर छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। वहीं मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण स्कूल आने.जाने वाले विद्यार्थियों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। मांगों को लेकर कार्यकर्ताओं ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध जताया। सूचना मिलने पर एसडीएम रोहित बम्होरे मौके पर पहुंचे और विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं से चर्चा की। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों की समस्याओं को सुना और मांगों के निराकरण को लेकर सकारात्मक आश्वासन दिया।

प्रशासन ने कन्या शाला के समीप स्थित शराब के ठेके को



हटाने की कार्रवाई के लिए एक माह का समय मांगा है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि निर्धारित अवधि में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीएम श्री स्कूल के सामने विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग पर भी जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। प्रदर्शन के दौरान प्रांत मंत्री उमा बैरागीए नगर अध्यक्ष दिलीप प्रजापतिए नगर मंत्री ओमप्रकाश गुर्जर सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद प्रशासन द्वारा मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर मामला शांत हुआ।

स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानी

परोलिया गांव के बीच से गुजरता नाला बना आफत, पुलिया की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

समीपवर्ती ग्राम पंचायत परोलिया में गांव के बीच से गुजरने वाला एक नाला ग्रामीणों के लिए मुसीबत बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि यह नाला गांव के बीचोंबीच से निकला है। इसी रास्ते से होकर खेत.खलिहानों तक जाना पड़ता है। साथ ही दो शासकीय स्कूलों . प्राथमिकए माध्यमिक और हाई स्कूल के बच्चों को भी रोजाना इसी नाले को पार करके स्कूल पहुंचना पड़ता है। ऐसे में कभी भी कोई अनहोनी घटना होने की संभावना बनी रहती है।

तेज बारिश में ठप होता है आवागमन

थोड़ी सी भी बारिश होने पर नाले में पानी भर जाता है और तेज बहाव शुरू हो जाता है। इससे आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। जो यह मार्ग सिर्फ परोलिया के लिए ही नहींए बल्कि 'गौशालाए पीपल्दाए गागोरनी रोडए चैनपुरियाए रानीपुरा और लक्ष्मणपुरा' को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता भी है। इन गांवों के लोग भी इसी रास्ते से आते.जाते हैं। ऐसे में परेशानी का सामना करना पड़ता है।




पुलिया और सड़क निर्माण की मांग

जानकारी के मुताबिक यह रास्ता प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत हो चुका है। ग्रामीण कमल सिंह परोलिया सहित समस्त ग्रामवासियों ने प्रशासन से नाले पर पुलिया और सड़क निर्माण की मांग की हैए ताकि बच्चों और आमजन को परेशानी न हो।

नपा कर्मचारियों को नदी में जलकुंभी डालने से रोका, ट्रॉलियों से बाहर शिफ्ट कराया

पशुपतिनाथ मंदिर पुलिया पर जलकुंभी जमी, विधायक ने श्रमदान कर खुद हटाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

भारी बारिश के बाद शिवना नदी का जलस्तर बढ़ने से भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के समीप स्थित छोटी पुलिया पर बड़ी मात्रा में जलकुंभी जमा हो गई थी। गुरुवार को जलस्तर कम होने के बाद यह स्थिति सामने आई। नगर पालिका के कर्मचारी जलकुंभी हटाने पहुंचे, लेकिन उसे नदी के एक हिस्से से निकालकर दूसरे हिस्से में डाला जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर विधायक विपिन जैन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जलकुंभी को



नदी से पूरी तरह बाहर निकालने के निर्देश दिए।

नदी में वापस जलकुंभी डालने से रोका: विधायक विपिन जैन ने नगर पालिका कर्मचारियों को जलकुंभी पुनः नदी में डालने से रोकते हुए कहा कि इसे नदी से बाहर निकालकर अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए, ताकि यह दोबारा नदी के प्रवाह में बाधा न बने और आगे जाकर किसी स्थान पर जमा होकर समस्या उत्पन्न न करे।

विधायक स्वयं नदी में उतरे : निर्देश देने के बाद विधायक विपिन जैन स्वयं नदी में उतरे और श्रमदानियों के साथ जलकुंभी निकालने के कार्य में जुट गए। नदी से निकाली गई जलकुंभी को छोटी पुलिया के पास एकत्रित किया गया तथा बाद में ट्रॉलियों के माध्यम से अन्य स्थान पर पहुंचाया गया।

दो घंटे में निकली 20 ट्रॉली जलकुंभी: विधायक विपिन जैन एवं शिवना योद्धाओं ने लगभग दो घंटे तक श्रमदान किया। इस दौरान करीब 16 से 20 ट्रॉली जलकुंभी नदी से बाहर निकाली गई। जलकुंभी हटने से नदी का प्रवाह क्षेत्र भी साफ हुआ है। सफाई अभियान अभी जारी है।

सावन में बढ़ जाता है महत्व: सावन माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन के लिए आते हैं तथा शिवना नदी में स्नान भी करते हैं। ऐसे में मंदिर क्षेत्र के आसपास जमा जलकुंभी को हटाना आवश्यक माना जा रहा है। विधायक विपिन जैन ने बताया कि पिछले लगभग 15 महीनों से शिवना नदी के संरक्षण और शुद्धिकरण के लिए नियमित श्रमदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में नदी क्षेत्र को जलकुंभी मुक्त किया गया था, लेकिन बारिश के दौरान ऊपरी क्षेत्रों से बहकर पुनः बड़ी मात्रा में जलकुंभी यहां पहुंच गई। हर रविवार चलता है शिवना शुद्धिकरण अभियान

विधायक विपिन जैन द्वारा प्रत्येक रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान चलाया जाता है। इस दौरान वे स्वयं श्रमदानियों के साथ नदी में उतरकर कचरा, गंदगी और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालते हैं। बाद में इन्हें ट्रॉलियों के माध्यम से नदी से दूर निर्धारित स्थानों पर पहुंचाया जाता है। विधायक का कहना है कि शिवना नदी की स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे शहर की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी भावना के साथ नागरिकों और श्रमदानियों के सहयोग से नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने का प्रयास लगातार जारी है।

शिव की भव्य बारात निकली, गूंजे भोलेनाथ के जयकारे

कुरावर। राधा माधव महिला मंडल परिवार कुरावर द्वारा आयोजित श्री महाशिवपुराण कथा के चौथे दिन भगवान शिव की महिमा और उनके विभिन्न स्वरूपों का सुंदर वर्णन किया गया। कथावाचक पंडित श्री प्रमोद नागर ने शिवलिंगों के विभिन्न स्वरूपों एवं उनकी महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भाव.विभोर कर दिया। कथा के दौरान भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन मधुर भजनों के साथ किया गया। इस दौरान भगवान शिव को निराले दूल्हे के रूप में सजाया गया तथा माता पार्वती के साथ उनके विवाह का प्रसंग रीति.रिवाजों के साथ कथा के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। भगवान शिव की बारात निकाली गईए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भक्तिमय वातावरण में भोलेनाथ के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा का श्रवण किया। कथा के समापन पर महाआरती की गई तथा श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया।

